तापमान

अधिकतम 39.0 डिग्री

न्यूनतम 19.0 डिग्री

# हरिभूमि कोरबा भूमि

बिलासपुर, शनिवार 17 मई 2025

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4 पांचवी और आठवीं के 37 हजार छात्रों को एक पखवाड़े से बना है अंकसूची का इंतजार



## खबर संक्षेप

### संविधान बचाओ रैली को लेकर कांग्रेस की बैठक 17 को

**कोरबा।** जाँजगीर में 19 मई को संविधान बचाओ रैली का आयोजन किया गया, जिसकी तैयारी को लेकर जिला कांग्रेस कार्यालय टीपी नगर कोरबा में 17 मई की प्रातः 10 बजे एक बैठक आयोजित किया गया है। उक्त जानकारी देते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नत्थूलाल यादव ने बताया कि बैठक में प्रदेश कांग्रेस प्रभारी जरीता लैतफलांग, नेताप्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, प्रभारी विजय जांगिड़, पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल सहित जिला कांग्रेस कमेटी के महिला कंाग्रेस, युवा कांग्रेस, सेवादल, इंटक, ब्लॉक कांग्रेस, पार्षदगण, पार्षद प्रत्याशी, पूर्व पार्षद, जोन, वार्ड, बूथ, कांग्रेस कमेटी के सभी विभाग प्रकोष्ठ एवं मोर्चा संगठन के पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे।

### नगर सैनिकों की भर्ती के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 30 तक

**कोरबा।** होमगार्ड विभाग में 1715 महिला नगर सैनिकों (छात्रावास ड्यूटी) तथा 500 नगर सैनिकों (जनरल ड्यूटी) के रिक्त पदों पर भर्ती के लिए वर्ष 2024 में शारीरिक मापजोख एवं दक्षता परीक्षा 4 संभागीय केद्र रायपुर, बिलासपुर, जगदलपुर एवं अंबिकापुर में आयोजित की गई थी। जिसमें पात्र कुल 20 हजार 137 अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा के लिये चयनित किया गया है। चयनित सभी अभ्यर्थियों की सूची विभागीय वेबसाईट पर उपलब्ध है। चयनित सभी अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र के लिये छ.ग. व्यापम वेबसाईट के लिंक में जाकर पंजीयन करना अनिवार्य होगा।

### भारतीय सेना के सम्मान में तिरंगा यात्रा आज

**कोरबा।** भारतीय सेना द्वारा चलाये गये आपरेशन सिन्दूर की सफलता तथा भारतीय सेना के सम्मान में राष्ट्रीय सुरक्षा के लिये नागरिक कार्यक्रम का आयोजन 17 मई को शाम 4.30 बजे घंटाघर चौक निहारिका में किया गया है। इस अवसर पर भारतीय सेना के सम्मान में तिरंगा यात्रा भी निकाली जायेगी। कलेक्टर अजीत वसंत ने आम नागरिकों से अपील की है कि भारतीय सेना के शौर्य एवं सम्मान में तिरंगा यात्रा में शामिल होकर अपनी एकता का परिचय दें।

# मिसल का आवेदन देने महज 3 घंटे का समय, दूर दराज के ग्रामीण होते हैं परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

जमीन की मिसल लेना, पसान, कोरबी, चोटिया, पाली जैसे दूर दराज के ग्रामीणों के लिए मुश्किलभरा सफर हो जाता है। कलेक्ट्रेट के मिसल शाखा में मिसल आवेदन के लिए महज सुबह 10 बजे से 1 बजे तक आवेदन लेने का समय निर्धारित किया गया है। जबकि कर्मचारी ही 10.30 बजे के बाद पहुंचते हैं। वहीं दूर दराज से आने वाले ग्रामीण समय पर नहीं पहुंचने के कारण आवेदन जमा करने से वंचित हो जाते हैं।

जाति एवं जमीन संबंधी मामलों के लिए मिसल आवश्यक महत्वपूर्ण दस्तावेज माना जाता है। बिना इस दस्तावेज के जमीन खरीदी बिक्री के साथ जाति प्रमाण पत्र एवं अन्य से कार्य जिसमें जमीन का मिसल आवश्यक रहता है उन दस्तावेजों के लिए कलेक्ट्रेट के मिसल शाखा में आवेदन देना पड़ता है और इसके लिए सुबह 10.30 बजे से 1 बजे तक समय निर्धारित है और इतने कम समय में शहर और जिला मुख्यालय के आसपास के ग्रामीण तो समय पर पहुंच जाते हैं किंतु जिले के सबसे बड़े विकासखंड पोड़ी उपरोड़ा और 55 किमी दूर पाली विकाखंड जैसे ब्लॉक मुख्यालय के ग्राम पंसान कोरबी चोटिया, सिरमिना, कोल्मी एवं अन्य दूरस्थ क्षेत्रों के ग्रामीण दोपहर 1 बजे तक नहीं पहुंच पाते। ऐसे में वे आवेदन देने से वंचित हो जाते हैं। दोपहर 1 बजे तक पहुंचने के लिए ऐसे दूरस्थ ग्रामीण अंचल के लोगों को सुबह घर से निकलने को मजबूरी रहती है। या तो स्वयं के साधन से आना पड़ता है या फिर यात्री बस से और वह भी समय पर न मिलने की समस्या बनी रहती है। इन दूरस्थ क्षेत्रों के ग्रामीणों के अनुसार शाम 5 बजे तक कलेक्ट्रेट की शाखा खुली रहती है ऐसे में आवेदन लेने का समय दोपहर 3 बजे तक बढ़ाने से दूर दराज के ग्रामीणों को सुविधा मिल सकती है। हालांकि नकल शाखा के कर्मचारियों का कहना है कि दूर दराज के ग्रामीणों का समय बीतने के बाद भी आवेदन लेते हैं।

## सुबह 10 से 1 बजे तक आवेदन लेने का समय है निर्धारित

**खास बातें**

- पसान, पोड़ी उपरोड़ा क्षेत्र के ग्रामीण पहुंचते हैं मिसल लेने के लिए
- समय बढ़ाने की जरुत



**संसाधनों का संकट**

ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले लोगों के लिए सबसे बड़ी समस्या यात्री साधनों की रहती है जो उन्हें समय पर उपलब्ध नहीं रहती। जिसकी वजह से उन्हें जिला मुख्यालय पहुंचने तक घंटों का समय लग जाता है और यही कारण कि वे समय पर नहीं पहुंच पाते। ऐसे कई ग्रामीण कलेक्ट्रेट में नजर आते हैं जिन्हें मिसल ने के लिए दिनभर कलेक्ट्रेट में ही गुजारना पड़ता है। 3 बजे के बाद नकल मिलती है।

## 15 जून तक 20 से 22 फीसदी तक गिर सकता है जलस्तर

# बांगो बांध 75 फीसदी खाली, संयंत्रों को जिंदा रखने छोड़ा जा रहा पानी

**रोज 1 सेमी. गिर रहा बांगो बांध का जलस्तर**



बांगो डेम।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

प्रदेश के सबसे बड़े बांगो बांध का जलस्तर लगातार तेजी से गिरता ही जा रहा है। गिरते जलस्तर को देखते हुए जल संसाधन विभाग के अधिकारी अब कोरबा सहित आसपास के पड़ोसी जिलों के संयंत्रों को ही संचालित करने के लिए पानी छोड़ रहे हैं ताकि आने वाले दिनों में पानी के लिए हाय तौबा ना मचे लेकिन लगातार पानी छोड़े जाने की वजह से बांगो बांध का जलस्तर प्रतिदिन 1 सेंटीमीटर गिरते ही जा रहा है। यदि यही हाल रहा तो 15 जून तक बांगो बांध का जलस्तर लगभग 20 फ़ीसदी पहुंच जाएगा।

उल्लेखनीय है कि जिला मुख्यालय से लगभग 60 किलोमीटर दूर बांगो बांध बनाया गया है। जहां बांगो बांध की कुल जलभराव क्षमता 359.6 मीटर है। इस साल बारिश के दिनों में कैचमेंट इलाके में बेहतर बारिश हुई थी और बांगो बांध लबालब हो गया था लेकिन बांगो बांध में बने हाइडल प्लांट को लगातार संचालित किया गया और किसानों को खेती के लिए भरपूर पानी दिया गया। जिसके चलते इस साल बांगो बांध का जलस्तर बहुत तेजी से गिर गया और मौजूदा स्थिति में बांगो बांध का जलस्तर 343.55 मीटर जा पहुंचा है जो कुल जलभराव क्षमता का 26 फ़ीसदी पानी है। मौजूदा स्थिति में बांगो बांध लगभग 75 फ़ीसदी खाली हो चुका है। महज 26 फीसदी ही पानी बचा हुआ है। अब कोरबा जिले सहित आसपास के पड़ोसी जिलों में संचालित होने वाले पावर प्लांट व पीने के पानी के लिए पानी की आवश्यकता पड़ती है इसके मद्देनजर रखते हुए जल संसाधन विभाग के अधिकारी अब फूंक फूंक कर जल की निकासी कर रहे हैं। बताया जाता है कि प्रतिदिन जिले के संयंत्रों को संचालित करने के लिए बांगो बांध में बने हाइडल प्लांट को मात्र 3 घंटे संचालित किया जा रहा है जिससे 375 क्यूसेक पानी हसदेव नदी में प्रवाहित किया जा रहा है यह पानी हसदेव दर्री बराज पहुंचते ही यहां से नहर के माध्यम से संयंत्रों को पानी आपूर्ति की जा रही है। जल संसाधन विभाग के अधिकारियों की माने तो 375 क्यूसेक पानी छोड़े जाने की वजह से प्रतिदिन बांगो बांध जलस्तर लगभग 1 सेंटीमीटर गिर रहा है। 15 जून तक बांगो बांध का जलस्तर लगभग 20 से 22 फ़ीसदी तक गिरने की संभावना जताई जा रही है। हालांकि 15 जून के बाद बारिश आने से एक बार फिर बांगो बांध के कैचमेंट इलाके में अच्छी बारिश होने की संभावना जताई जा रही है और बांध फिर से एक बार लबालब हो जाएगा।

**खास बात**

- बांगो बांध का जल स्तर 343 .55 मीटर जा पहुंचा।

**बीते वर्ष 37 फ़ीसदी पानी भरा हुआ था बांध में**

जल संसाधन विभाग के अधिकारियों की माने तो बांगो बांध में 16 मई 2024 की स्थिति में बांगो बांध में 348 मीटर पानी भरा था जो कुल जलभराव का 37 फ़ीसदी पानी था। अब बांगो बांध को बारिश का इंतजार है यदि इस साल बेहतर बारिश होती है तो बांध तो भर जाएगा अन्यथा बारिश कहीं केचमेंट इलाके में कम हुई तो बांध का लेवल अप होने में काफी समय लगेगा।

# बारात के दौरान दूल्हे की कार जा भिड़ी डीजे से, मासूम की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक परिवार में शादी समारोह की खुशियां मातम में उस समय तब्दील हो गई जब बारात में दुल्हे की कार उसका जीजा चला रहा था और दुल्हे की गोद में उसका भांजा बैठा हुआ था। बीच रास्ते में कार स्टंट मारने के चक्कर में दुल्हे की कार ने डीजे वाहन को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि सामने बैठा बच्चा सीधे कार के शीशे से जा टकराया और उसके सिर पर गंभीर चोट आयी और जब तक उसे अस्पताल पहुंचाया गया तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। इस मामले में पुलिस ने पुत्र की मौत पर पिता के खिलाफ धारा 106 बीएनएस, 181, 125 ए के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

जानकारी के अनुसार गुरूवार की शाम सूरजपुर से मानिकपुर चौकी क्षेत्र अंतर्गत चिमनीभाठा दुल्हे की बारात आई थी। रात 9 बजे के लगभग बारात दुल्हन के घर के लिए रवाना हुआ था। परिवार के लोग और बाराती डीजे की धुन पर जमकर थिरक रहे थे। इसी दौरान शारदा विहार रोड पर दुल्हे का कार क्रमांक सीजी 12 आर 3742 को नीलेश तिवारी चला रहा था और इस बीच उसने स्टंट मारने की कोशिश की। इस दौरान तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सामने चल रहे डीजे वाहन से जा भिड़ी। इस हादसे में डीजे वाहन में बंधे भारी भरकम साउंड बाक्स गिर गया और टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के सामने बैठे निलेश का डेढ़ वर्षीय पुत्र हरिओम सीधे कार के सामने शीशे से जा टकराया जिससे हरिओम तिवारी गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद आनन फानन में बच्चे को निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गयी। वहीं घटना के बाद नाराज लोगों ने कार के चालक की जमकर पिटाई कर दी। बाद में पता चला कि कार चलाने वाला शख्स की बच्चे का पिता है। वहीं बच्चे के शव को मॉर्च्यूरी भेजा गया। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। मृतक हरिओम के पिता नीलेश तिवारी मध्य प्रदेश के सागर के रहने वाले हैं। वे अपनी ससुराल सूरजपुर में शादी में आए थे। मानिकपुर चौकी प्रभारी नवीन पटेल ने बताया कि इस मामले में नीलेश तिवारी के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

**खास बात**

- सूरजपुर से बारात आयी थी चिमनीभट्ठा, पिता के खिलाफ मामला दर्ज





घटना के बाद इस तरह लगी भीड़ एवं दुर्घटनाग्रस्त कार।



मृतक हरिओम।

# दो अलग स्थानों में चोरों ने बोला धावा, हजारों का माल पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के श्यांग थाना क्षेत्र में दो अलग अलग स्थानों में चोरों ने धावा बोलकर चोरों ने हजारों का माल पार कर दिया है। मामले की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

श्यांग थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जिल्गा निवासी जरीना शबनम उम्र 39 वर्ष पति इमतीयाज खान ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह प्रगति महिला कलस्टर कुदमुरा की अध्यक्ष है जो ग्राम कुदमुरा में भारत भवन प्रगति महिला कलस्टर संगठन का आफिस है। 9 मई को आफिस कार्य कर दोपहर लगभग 2.30 बजे आफिस बंद कर अपने घर चली गई थी। 15 मई की सुबह लगभग 11.30 बजे जब आफिस की चपरासी शांति प्रजापति आफिस खोलने के लिये आयी तो देखी आफिस के दरवाजे का ताला टूटा हुआ था आलमारी के अंदर रखे नगद 12 हजार रुपए तथा कम्प्यूटर में लगने वाली छोटा बाक्स 2 नग को किसी अज्ञात चोर के द्वारा चोरी कर लिया गया है। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर खोजबीन शुरु कर दिया है।

इसी तरह चोरी की दूसरी घटना श्यांग थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बरपाली (कोलिहाडीह) निवासी रोहित कुमार अगरिया उम्र 32 वर्ष पिता मान सिंह अगरिया ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि गांव में ही उसका मोबाईल रिपेयरिंग का दुकान है। रोहित 14 मई की रात्रि 12 बजे काम करने के बाद अपने पास के ही मकान सोने चला गया। जब 15 मई की सुबह 7:30 बजे वह दुकान को खोलने पहुंचा तो देखा कि दुकान के पीछे का दरवाजा टुटा हुआ था और दुकान के अंदर समान बिखरा हुआ था। दुकान से अज्ञात चोरों ने तीन नग टच स्क्रीन मोबाईल एवं एलईडी टीवी, रिमोर्ट 2 नग, 4 नग केबल, बैटरी तीन नग, टच स्क्रीन 10 नग सहित कुल 41 हजार का चोरों ने पार कर दिया है। प्रार्थी रोहित की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर खोजबीन शुरु कर दी है।



## खबर संक्षेप

### वसूली कर घर लौट रहे व्यापारी से लूट, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** गन्ना बिक्री के बाद दुकानदारों से वसूली कर लौटै रहे व्यापारी और उसके साथी को बदमाशों ने निशाना बनाया और मोबाइल समेत 28 हजार रूपए की लूट को अंजाम दिया है। घटना कोनी थाना क्षेत्र के सेमरताल की है। पुलिस अपराध पंजीबद्ध कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है। सेमरताल के विकास साहू गन्ना बेचने का धंधा करते हैं। वे अपने साथी गोपी साहू के साथ 13 मई को रतनपुर, सीपत क्षेत्र के दुकानदारों से रकम की वसूली के लिए गए थे। रात 9.30 बजे अपने घर लौट रहे थे, इस दौरान रात 10 बजे अपने साथी गोपी के साथ बनियाडीह और भुरीभाठा के बीच जलसो गांव पहुंचे थे, तभी 4 लड़के उनके साथी गोपी से मोबाइल समेत 3000 लूट लिया और व्यापारी के पास रखे 28 हजार रूपए की लूट को अंजाम दिया। दोनों ने बदमाश युवकों के बारे में आसपास पतासाजी की लेकिन पता नहीं चल सका है। शुक्रवार को कोनी थाने में घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

### पैसा उधार नहीं देने पर युवक की पिटाई

**बिलासपुर।** उधारी पर रकम नहीं देने पर युवक के साथ मारपीट करने वाले आरोपी के खिलाफ तारबहार पुलिस ने मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है। मामले के अनुसार विनोबा नगर के रहने वाले उमेश पिता रेशम उम्र 28 वर्ष टाईल्स और मार्बल का काम करते हैं। कुछ ही दिन पूर्व उनके दोस्त मुकेश के माध्यम से मसानगंज निवासी तवरेज आलम से जान पहचान हुई थी। जरूरत पड़ने पर वे तवरेज को 500-1000 रूपए देते थे, जिसे तवरेज वापस भी कर देता था। प्रार्थी ने पुलिस को बताया अपनी गिरवी रखी कार को छुड़ाने के लिए तवरेज ने उसे 50 हजार रूपए की मांग की, जिसे नहीं देने पर आरोपी ने गाली गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट की। इस दौरान आरोपी ने युवक को इस कदर मार दिया जिससे उसके आंख और माथे से खून निकलने लगा। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

### पुलिस से हुज्जतबाजी 10 आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर।** पुरानी रंजिश पर आपस में आम रास्ते पर वाद- विवाद करते हुए युवक दहशत फैला रहे थे। वहीं पुलिस के समझाने पर भी मामले को तूल देना अब युवकों को मंहगा पड़ गया है। गुरूवार की रात अशोक नगर चौक के पास वाद विवाद करते हुए कुछ युवक मारपीट करने पर उतारू थे। आसपास के लोगों ने सरकंडा थाने को इसकी सूचना दी। तत्काल पुलिस टीम मौके पर पहुंची और पुलिस को देख कुछ लड़के भाग निकले, लेकिन कुछ लड़के वहीं खड़े रहे। पुलिस टीम से युवक विवाद करने लगे। अधिकारियों के निर्देश पर युवकों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई। पुलिस ने हिमांशु श्रीवास पिता मन्नू राम श्रीवास, अमन लहरे पिता राजू लहरे, सहारा यादव पिता संतोष यादव, गौकरण उर्फ कोंदू साहू पिता ललित साहू निवासी बगदई मंदिर, सुदामा साहू पिता आर्यन साहू, नंदराम श्रीवास पिता दुर्गा श्रीवास, अभिषेक गोश्वामी उर्फ अंशु पिता चेतन गोस्वामी, करण यादव उर्फ के.डी पिता फेकूराम यादव,, खिंटू साहू उर्फ टंकू पिता राम भवन साहू, गणेश यादव उर्फ दादू पिता घासीराम यादव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### 1920 वाहन चालकों के लाइसेंस सस्पेंड

**बिलासपुर।** यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध यातायात विभाग द्वारा नियमित रुप से सख्त एवं कठोर कार्रवाई की जा रही है। शुक्रवार को नियमों का उल्लंघन करने वाले 1920 वाहन चालकों का लाइसेंस निलंबित किया गया। यह कार्रवाई एसएसपी रजनेश सिंह के दिशा-निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामगोपाल करियारे के नेतृत्व में किया जा रहा है। यातायात पुलिस जहां एक तरफ ताबड़तोड़ कार्रवाई कर ही है। वहीं दूसरी तरफ ऐसे वाहन चालक जिनके द्वारा लगातार यातायात नियमों का उल्लंघन किया जा रहा है। इसकी जानकारी जिला परिवहन विभाग को भेजकर लाइसेंस निलंबित किया जा रहा है। ताकि नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों को सबक मिल सके। यातायात पुलिस द्वारा शुक्रवार को 1920 वाहन चालकों का ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित करने की कार्रवाई की गई है।

---

**दो साल से बंद काम फिर शुरू**

**नदी किनारे बाउंड्री वाल बनाई जाएगी, जिससे सड़क का कटाव रोकने मदद मिलेगी**

# अरपा किनारे फोरलेन सड़क का एस्टीमेट 93.70 करोड़ से बढ़कर हो गया 140 करोड़

**बिलासपुर।** अरपा के दोनों किनारों पर बन रहे फोरलेन सड़क का एस्टीमेट 93.70 करोड़ से बढ़कर 140 करोड़ के पार हो गया है, लेकिन चार साल से काम अधूरा है। अब एक बार फिर पुराने पुल से गोंड़पारा से होते हुए शनिचरी रपटा तक काम जो कि दो साल से से बंद है उसे शुरू किया गया है। फिलहाल सड़क को समतल करने की कोशिश की जा रही है। इसके साथ ही नदी में जमा सिल्ट मशीनों की मदद से हटाया जा रहा। पटाई के बाद सड़क को समतल किया जाएगा ताकि वह वाहनों के आवागमन के लायक बन सके। इसके बाद नदी किनारे बाउंड्री वॉल बनाई जाएगी, जिससे सड़क का कटाव रोकने मदद मिलेगी और लोगों की सुरक्षा भी सुनिश्चित होगी।

गौरतलब है कि यह सड़क कई महीनों से अधर में लटकी थी। अधिकारियों का कहना है कि तकनीकी और बजट से जुड़ी वजहों से काम रुका था जो कि फिर से शुरू किया गया है। इस स्मार्ट सड़क बनने से न सिर्फ शहर को एक वैकल्पिक रूट मिलेगा, बल्कि अरपा नदी के किनारे का सौंदर्यीकरण भी होगा। ध्यान रहे कि इससे पहले इंदिरा सेतु से लेकर राम सेतु तक स्मार्ट सड़क बनाई जा चुकी है। अरपा उत्थान एवं तट संवर्धन प्रोजेक्ट के तहत इंदिरा सेतु से शनिचरी रपटा तक नदी की दोनों ओर नाला, सड़क और सौंदर्यीकरण के कार्य का ठेका गणपति इंफ्रास्ट्रक्चर ने लिया था।

ठेका कंपनी ने नदी की दांई ओर इंदिरा सेतु से पुराना पुल तक बस प्रथम चरण को पूर्ण किया है। ठेका कंपनी को शेष कार्य तीव्र गति से पूर्ण करने के निर्देश देने के बावजूद कार्य धीमी गति से संचालित किया जाता रहा। कार्य में प्रगति नहीं लाने पर स्मार्ट सिटी के एमडी अमित कुमार के निर्देश पर ठेका कंपनी गणपति इंफ्रास्ट्रक्चर के खिलाफ 37 लाख 50 हजार रुपए की पेनाल्टी भी लगाई गई है।



**डेढ़ करोड़ रुपए के कांक्रीट कास्टिंग बेकार पड़े:** ध्यान रहे कि शनिचरी रपटा की तरफ पूरी तरह से काम बंद है। शनिचरी की तरफ करीब 400 मीटर का टो वाल बना लिया गया था लेकिन अधिकारियों ने काम बंद करा दिया। यहां कांक्रीट कास्टिंग करते हुए सीमेंट के बड़े वाल बनाने में करीब डेढ़ करोड़ खर्च किए गए। यह बेकार पड़े हैं। यहां सबसे बड़ी समस्या सामान चोरी होने की है। चांटीडीह की तरफ कई बार छड़, सीमेंट और सरिया की चोरी हो जा रही है। इसकी शिकायत भी निगम, प्रशासन और पुलिस से की गई लेकिन कुछ नहीं हुआ। रात में पूरा एरिया नशेड़ियों का अड्डा बन जाता है।

### पुराने पुल से रपटा तक बनेगी सड़क

गौरतलब है कि अरपा के दोनों किनारों पर 1800-1800 मीटर फोरलेन रोड के निर्माण के लिए साल 2021 में 94 करोड़ का वर्क आर्डर किया गया था। इसका काम फरवरी 2023 तक पूर्ण हो जाना था, लेकिन दो साल से अधिक की देरी हो चुकी है। मई 2025 भी गुजर रहा है लेकिन काम 20 प्रतिशत भी नहीं हो सका है। लगातार हो रही देरी को देखते हुए बिलासपुर स्मार्ट सिटी प्रबंधन ने प्रोजेक्ट को जल्दी पूरा करने के लिए प्रथम चरण में इंदिरा सेतु से पुराने पुल तक नदी के दोनों किनारे 600-600 मीटर रोड निर्माण का टारगेट रखा। एक तरफ की सड़क बन गई है। अब पुराने पुल से रपटा तक सड़क बनाने का काम शुरू किया गया है।

### फिर शुरू हो गया है काम

अरपा किनारे सड़क का काम फिर से शुरू किया गया है। पुराने पुल से गोंड़पारा से होते हुए शनिचरी रपटा तक फिलहाल सड़क को समतल किया जा रहा है। इसके साथ ही नदी में जमा सिल्ट मशीनों की मदद से हटाया जा रहा। पटाई के बाद सड़क को समतल किया जाएगा ताकि वह वाहनों के आवागमन के लायक बन सके।

- राजकुमार मिश्रा, टैक्निकल मैनेजर, स्मार्ट सिटी

---

**पूरे जिले में हर घर नल-जल योजना का हाल, पीएचई विभाग का कमाल**

# टंकी तैयार, पूरे गांव में सप्लाई पाइप लाइन बिछी, पानी का पता नहीं



ग्राम नगोई स्थित पानी की टंकी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गगनचुंबी पानी की टंकियों का निर्माण हो चुका है। पूरे गांव में पानी की सप्लाई के लिए पाईप लाईन बिछाई जा चुकी है। बस पानी का पता नहीं है। पीएचई विभाग के अनुसार जिले में 372 पानी की टंकियों का निर्माण किया गया है, जिनमें 223 में पानी की सप्लाई हो रही है। इसी तरह 149 टंकियों में विभिन्न कारणों के चलते जलभराव नहीं हो पा रहा है। ये 149 टंकियां किन गांवों में है, और वहां पानी की क्या व्यवस्था है? ये जानकारी पीएचई विभाग में उपलब्ध नहीं होना अपने आप में शर्मनाक है।

सरकार के पैसे की बर्बादी देखने के लिए कहीं जाने की जरूरत नहीं है। इसके लिए पीएचई विभाग द्वारा हर घर नल-जल योजना के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों को देखा जा सकता है। पीएचई विभाग इन दिनों पूरे जिले में नल-जल योजना के अंतर्गत पानी की नई टंकियों के निर्माण, पूरे गांवों में पाईप लाईन बिछाने के कार्य व बोर खनन में व्यस्त है। नगोई में पीएचई द्वारा पानी टंकी का निर्माण किया गया है। पूरे गांव में पाईप लाईन भी बिछाई जा चुकी है, लेकिन अब तक बोर खनन नहीं कराया गया है। जिले में लगभग सभी जगहों पर जलस्तर में लगातार गिरावट आ रही है। अनेक स्थानों पर तो बोर फेल हो जा रहे हैं। ऐसी हालत में नगोई में कार्य के अंत में बोर खनन के दौरान पानी उपलब्ध नहीं होने से शासन का इस योजना का पूरा पैसा बर्बाद हो जाएगा। विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में 553 आरसीसी व 276 सोलर टंकियां हैं। 372 टंकियां पूर्ण हैं, जिनमें 223 टंकियों में जलभराव हो रहा है। इसी तरह 149 टंकियां ऐसी हैं, जहां पंप खराब होने, बोर नहीं होने, जलस्तर नीचे होने या पाईप लाईन टंकी से नहीं जोड़े जाने के कारण टंकियों में जलभराव नहीं हो पा रहा है।

### हमारे पास कोई सूची उपलब्ध नहीं

इस संबंध में पीएचई के ईई हर्ष कवीर का कहना है कि जिले में किन-किन गांवों में पानी की समस्या है? किन-किन गांवों में पानी की टंकियों में जलभराव नहीं हो रहा है? इसकी कोई सूची विभाग में उपलब्ध नहीं है। यह जानकारी ब्लाक में रहती है। किसी भी गांव में पानी की समस्या का पता चलने पर ब्लाक स्तर पर संबंधित गांव में पानी के लिए बोर या अन्य वैकल्पिक व्यवस्था की जाती है।

### टंकी निर्माण व पाइप लाइन बिछाने को प्राथमिकता

नल जल योजना के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों में मुख्यतः तीन चरण शामिल हैं। पहला बोर खनन, दूसरा पानी टंकी का निर्माण और तीसरा पाईप लाईन का बिछाव। इन तीनों चरणों में सबसे पहला और महत्वपूर्ण कार्य बोर खनन है, क्योंकि बोर खनन के दौरान यहां पानी की उपलब्धता होने की स्थिति में ही पानी टंकी का निर्माण व पाईप लाईन बिछाने का काम सार्थक है। इसके विपरीत यदि बोर में पानी ही नहीं निकला तो टंकी के निर्माण व पाईप लाईन बिछाने का पैसा पूरी तरह बर्बाद हो जाएगा। जबकि विभाग टंकी निर्माण व पाईप लाईन बिछाने के काम को पहली प्राथमिकता दे रहा है।

### कलेक्टर ने लगाई थी फटकार

भीषण गर्मी में पूरा जिला जल संकट के दौर से गुजर रहा है। जिसे ध्यान में रखकर कलेक्टर संजय अग्रवाल लगातार बैठक लेकर जलसंकट वाले शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में किसी भी तरह की समस्या का तत्काल निराकरण करने संबंधित विभागों को निर्देश दे रहे हैं। वहीं दूसरी ओर पीएचई विभाग द्वारा जलसंकट वाले गांवों की सूची उपलब्ध नहीं होने की बात पर उन्होंने नाराजगी जाहिर की और ईई पीएचई हर्ष कवीर को फोन कर कहा कि जलसंकट से जूझ रहे गांवों की जानकारी नहीं होना पीएचई विभाग के लिए खेदजनक बात है। जनहित में चलाई जा रही योजनाओं के अंतर्गत विभाग क्या कर रहा है।

---

# ओवर चार्जिंग : स्टेशन के दो स्टॉल किए गए सील



**बिलासपुर।** जोनल रेलवे स्टेशन में यात्रियों से ओवरचार्जिंग की शिकायत पर कामर्शियल विभाग ने दो स्टॉलों को सील कर दिया है। रेलवे स्टेशन में यात्रियों के खान-पान के लिए स्टाल, जनआहार, फूड प्लाजा सहित अन्य सुविधाएं दी गई हैं। इन सभी स्थानों पर खाने-पीने के सामानों से लेकर चाय, काफी, नाश्ता, भोजन व अन्य सामानों की क्वालिटी सहित नापतौल के हिसाब से रेट भी रेल प्रशासन ने तय कर रखा है। रेलवे से मिले सामानों की कीमत से अधिक कोई भी स्टॉल संचालक यात्रियों को सामानों की बिक्री नहीं कर सकते हैं।

वर्तमान में बिलासपुर रेलवे स्टेशन की हालत ऐसी हो गई है कि जिस प्लेटफार्म नम्बर एक पर कोरोना काल से पहले हावड़ा-मुम्बई सहित कटनी रूट की ओर आने-जाने वाली गाड़ियों का स्टापेज दिए जाने से यात्रियों की खचाखच भीड़ रहती थी, वही प्लेटफार्म अब यात्री गाड़ियों के साथ यात्रियों के लिए तरस रहा है। यात्रियों की भीड़ से स्टाल संचालकों को भी अच्छी खासी कमाई करने का मौका मिल जाता था। इसमें सबसे अधिक नुकसान स्टॉल संचालकों को उठाना पड़ रहा है, जिन्हें रेलवे को लायसेंस फीस देने के लिए भी अपनी जेब से पैसे भरने पड़ रहे हैं। यात्री ट्रेन और यात्रियों के नहीं होने के साथ सामानों की बिक्री पर असर पड़ने से कर्मचारियों का वेतन भी मुश्किल से निकल पा रहा है। इसकी वजह से अब स्टाल के कर्मचारी ओवरचार्जिंग करना शुरु कर दिए हैं। कई यात्री पांच से 10 रुपए तक चिल्हर स्टाल में छोड़कर चले जाते हैं, लेकिन कई बार पांच रुपए ओवर चार्जिंग की शिकायत यात्रियों से रेल प्रशासन को मिल जाती है। इसी तरह की शिकायत प्लेटफार्म नम्बर एक रिटायरनिंग रूम के सामने संचालित स्टॉल और प्लेटफार्म नम्बर 7-8 पर संचालित होने वाले स्टॉल में यात्रियों ने ओवरचार्जिंग की शिकायत कामर्शियल विभाग से की। इस शिकायत पर दोनों स्टॉल पर तत्काल ताला लगाकर सील करने की कार्रवाई कर दी गई है।

---

# एसएसपी ने किया अनुशासनात्मक जनरल परेड का निरीक्षण, दिए निर्देश

**बिलासपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह द्वारा शुक्रवार को पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में जनरल परेड का आयोजन किया गया था। इस अवसर पर जिले के समस्त पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

- **जवानों को शस्त्रों का अभ्यास, आर्म्स ड्रिल कराई गई**

परेड में वर्दी की साफ-सफाई, साजसज्जा एवं टर्नआउट के आधार पर श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले जवानों को पुरस्कृत किया गया। वहीं, जिनका टर्नआउट मानकों के अनुरूप नहीं था, उन्हें सुधार करने निर्देशित किया गया एवं आवश्यकता अनुसार अतिरिक्त परेड ड्रिल कराई गई। इस दौरान आरक्षक क्रमांक 948 रामचंद्र साहू को सर्वश्रेष्ठ वर्दी टर्नआउट के लिए मंच पर बुलाकर अन्य सभी को आदर्श प्रस्तुत किया गया कि एक उत्कृष्ट वर्दी किस प्रकार होनी चाहिए। परेड के उपरांत वाहनों की निरीक्षण प्रक्रिया भी की गई, जिसमें एसएसपी ने मोटर व्हीकल शाखा के रखरखाव, वाहनों की फिजिकल कंडीशन, माइलेज रजिस्टर एवं ड्राइवर डायरी की जांच की। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) राजेन्द्र जायसवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (यातायात) रामगोपाल करियारे, सीएसपी (कोतवाली) आईपीएस अक्षय सभद्रा, डीएसपी (मुख्यालय) रश्मित कौर, सीएसपी (सिविल लाइन) निमितेश सिंह, सीएसपी (सरकंडा) सिद्धार्थ बघेल, एसडीओपी (कोटा) नूपुर उपाध्याय, एसडीओपी (मस्तूरी) लालचंद मोहले, डीएसपी रोशन आहूजा एवं समस्त थाना, चौकी प्रभारी उपस्थित रहे।



पुलिस ग्राउंड में परेड का निरीक्षण करते एसएसपी रजनेश सिंह।

---

# निगम के 200 कर्मचारियों को 3 महीने से वेतन भुगतान नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगर निगम के 200 से अधिक प्लेसमेंट कर्मचारियों को तीन महीने से वेतन नहीं मिल रहा है। परेशान कर्मचारियों ने कलेक्टर संजय अग्रवाल के साथ ही निगम आयुक्त अमित कुमार से भुगतान की गुहार लगाई है। स्वायत्तशासी कर्मचारी महासंघ के प्रांताध्यक्ष सुरेश तिवारी के अनुसार जल विभाग में प्लेसमेंट पर काम कर रहे 187 कर्मचारियों का वेतन बकाया है। इसके अलावा अनुकंपा नियुक्ति के 28 कर्मचारियों को पिछले 5 महीने से वेतन नहीं मिला है।

वेतन के लिए परेशान कर्मचारियों ने बताया कि प्लेसमेंट कर्मचारियों के माध्यम से निगम अपने पूरे काम करा लेता है, लेकिन समय पर वेतन नहीं दिया जाता। ऐसे में हर महीने परेशानी होती है। हालांकि हर बार फंड की कमी के साथ राजस्व वसूली का बहाना बनाया जाता है, लेकिन इस बार तो निगम ने 103 करोड़ रुपए का टैक्स वसूल किया है। इसके बाद भी नियमित वेतन भुगतान नहीं हो पा रहा है। कर्मचारियों ने कहा है कि निगम के पास आय के पर्याप्त स्त्रोत हैं। इसके बाद भी लापरवाही बरती जाती है। ऐसे में तीन - तीन महीने से कर्मचारी बिना वेतन के काम कर रहे हैं। इस बारे में निगम के लेखाधिकारी नरेश देवांगन ने कहा कि पिछले 7-8 महीने से करीब 1000 कर्मचारियों को हर महीने की पहली तारीख को वेतन मिल रहा है। प्लेसमेंट कर्मचारियों का भुगतान उनके ठेकेदारों की फाइल आने पर किया जाता है।



---

# ढाई साल से फरार आरोपी को सिरगिट्टी पुलिस ने पकड़ा

**बिलासपुर।** सिरगिट्टी पुलिस ने क्षेत्र में अपराध कर फरार होने वाले आरोपियों को पकड़ने में सफलता पाई है। इसके साथ ही क्षेत्र में अशांति फैलाने वाले पर भी कड़ा प्रहार किया है और इस दौरान अपचारी बालकों के साथ ही 9 लोगों को गिरफ्तार किया है।

ढाई साल पहले चाकूबाजी कर युवक को घायल करने वाले फरार आरोपी को सिरगिट्टी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामले में दो आरोपी को रिमांड में पेश किया गया है। मामले में पिता और पुत्र को गिरफ्तार किया गया है। जिसमें नजरलाल पारा वार्ड क्रमांक 12 के नमन सलूजा उर्फ रुद्र पिता सचिन सलूजा उम्र 20 साल व सचिन सलूजा पिता जगदीश प्रसाद सलूजा उम्र 42 साल को जेल भेजा गया है। इसके साथ ही सिरगिटटी थाना क्षेत्र में अशांति फैलाने वालो के विरुद्ध पुलिस का अभियान चलाते हुए 6 आरोपी तथा 3 अपचारी बालक सहित कुल 9 लोगों को गिरफ्तार किया है। 4 आरोपियों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही व 3 अपचारी बालक के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। सोशल मिडिया में रील वायरल बनाकर लोगों में दहशत और आतंक फैलाने वाले आरोपी का पुलिस ने जुलुस निकाला और उठक-बैठक कराते हुए माफी भी मंगवाई।

**बिजनेस न्यूज**

### अनोपचंद तिलोकचंद ज्वेलर्स का एक्सक्लूसिव वेडिंग ज्वेलरी एग्जीबिशन 18 मई को कोरबा में

**कोरबा।** मध्यभारत के सबसे विश्वसनीय ज्वेलरी ब्रांड अनोपचंद तिलोकचंद ज्वेलर्स द्वारा रायगढ़वासियों के लिए एक भव्य एक दिवसीय वेडिंग ज्वेलरी एग्जीबिशन का आयोजन किया जा रहा है। यह विशेष एग्जीबिशन रविवार 18 मई को श्री महाराजा होटल, कोरबा में आयोजित किया जाएगा।

इस एग्जीबिशन में ग्राहकों को गोल्ड, डायमंड, रजवाड़ा और पोलकी जैसी शानदार ज्वेलरी का अनोखा और भव्य संग्रह देखने को मिलेगा, जो आमतौर पर केवल महानगरों में उपलब्ध होता है। विशेष रूप से वैवाहिक ज्वेलरी की रेंज को अंतरराष्ट्रीय स्तर के डिजाइनों के साथ प्रस्तुत किया जाएगा।

67 वर्षों से अधिक का विश्वास अर्जित कर चुके अनोपचंद तिलोकचंद ज्वेलर्स के संचालक श्री सौरभ बरडिया का मानना है कि "अपने ही शहर में अंतरराष्ट्रीय स्तर की डिज़ाइनर ज्वेलरी देखने का अवसर ग्राहकों के समय की बचत तो करेगा ही, साथ ही पूरे परिवार को एक साथ पसंदीदा ज्वेलरी चुनने का सुखद अनुभव भी देगा।" उन्होंने आगे कहा, "हॉलमार्क प्रमाणित ज्वेलरी, जिसकी एक्सचेंज वैल्यू वैश्विक स्तर पर एक समान होती है, आज के समय की सबसे बड़ी जरूरत है। ए.टी. ज्वेलर्स सराफा व्यवसाय में लगातार नवाचार करते हुए ग्राहकों को गुणवत्ता, विश्वसनीयता और नई वैरायटी के साथ सेवा देने के लिए प्रतिबद्ध है।" भारत सरकार से मान्यता प्राप्त ज्वेलरी वैल्यूएशन सेवाओं के साथ, अनोपचंद तिलोकचंद ज्वेलर्स अपने ग्राहकों को आधुनिक डिजाइनों में पारंपरिक और क्लासिक ज्वेलरी प्रदान करने में अग्रणी रहा है।

---

**मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर पाया काबू**

# इंजन की गर्मी से लग गई आग, ट्रक जल कर खाक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सेंदरी पेंड्रीडीह बायपास सड़क पर ट्रक धू-धू कर जला गया। इस दौरान ट्रक का ड्राइवर फ्रेस होने व चाय पीने के लिए दुकान गया था। इसी दौरान ट्रक के इंजन में आग लग गई और देखते-देखते ट्रक सड़क पर जलने लगा। बताया जा रहा है कि गर्मी के चलते ट्रक की हीट के कारण शार्ट सर्किट हुआ है। हिर्री पुलिस ने मामला दर्ज किया है। सेंदरी-पेंड्रीडीह बायपास पर शुक्रवार देर शाम एक बड़ा हादसा टल गया। गर्मी के कारण ट्रक में आग लग गई। ट्रक का ड्राइवर इस दौरान चाय पीने गया था, लेकिन कुछ ही दूर जाने के बाद उसे एहसास हुआ कि ट्रक में से चिंगारी निकल रही है, वह कुछ कर पाता इससे पहले ही ट्रक धू-धू कर जल उठा। आग इतनी भयावह थी कि चंद मिनटों में पूरा ट्रक जलकर खाक हो गया। स्थानीय लोगों ने आग की लपटें देख फायर ब्रिगेड को सूचना दी। फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया लिया, लेकिन इस दौरान ट्रक पूरी तरह जल चुका था। हिर्री पुलिस को इसकी सूचना दी गई है।



### 14 लीटर कच्ची शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

पुलिस द्वारा लगातार अभियान चलाकर शराब बेचने वालो पर कार्रवाई कर रही है। तखतपुर क्षेत्र में शुक्रवार को मुखबीर से सूचना पुलिस ने कार्रवाई की है। ग्राम मोढे छिरहापारा रोड पुलिया में अवैध शराब करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। थाना प्रभारी तखतपुर के नेतृत्व मे टीम बनाकर मौके से एक व्यक्ति को पकड़ा गया। आरोपी ग्राम छिरहापारा का दीपक कुमार बंजारे पिता रूपदास उम्र 26 वर्ष है। उसके पास से पुलिस को प्लास्टिक जरीकेन में 14.5 लीटर कच्ची महुआ शराब मिली है, पुलिस ने मामले में आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

## खबर संक्षेप



### नवाडीह वनोपज कार्यालय को नया भवन की दरकार

**चैतमा।** वन मंडल कटघोरा के अंतर्गत आने वाले नवाडीह लघु वनोपज कार्यालय को 7 साल बाद भी नया भवन नहीं मिल सका है। बताया जाता है कि कटघोरा वन मंडल के अंतर्गत ग्राम पंचायत भारी उमराव का लघु वनोपद कार्यालय नावाडीह में स्थित था जो की नेशनल हाईवे निर्माण के समय उसके दायरे में आने के कारण नेशनल हाईवे द्वारा उसे तुड़वा दिया गया था जिसकी मुआवजा राशि भी विभाग के खाते में जमा करा दी गई थी। किंतु आज तक तक उक्त कार्यालय भवन का निर्माण नहीं हो सका है जिससे प्रबंधक को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इस संबंध में जिला लघु वनोपद के लेखपाल रमन्ना राव से पूछने पर उन्होंने बताया इसका एवं तीन और स्थान पर लघु वनों पर कार्यालय के लिए प्रस्ताव बनाकर रायपुर भेजा जा चुका है, किंतु वहां से सुकृति नहीं मिलने के कारण उक्त निर्माण नहीं हो सका है। मानिकपुर लघु वनोपज कार्यालय भी जर्जर अवस्था में पहुंच चुका है इसे भी नए निर्माण हेतु मांग की गई है।

### सुशासन तिहार अंतर्गत क्विज प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आज

**कोरबा।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश पर प्रदेशभर में सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। सुशासन तिहार का तीसरा चरण 31 मई तक चलेगा, जिसमें आमजनों के लिए समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है इस अवसर पर 17 मई को निहारिका घंटाघर स्थित आडिटोरियम में शासन की कल्याणकारी योजनाओं पर आधारित कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जनसंपर्क विभाग द्वारा आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में सुशासन तिहार और शासन की कल्याणकारी योजनाओं पर आधारित मनोरंजक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। शनिवार को शाम 6.30 बजे शुरू होने वाले इस कार्यक्रम में मनोरंजक खेल और सांस्कृतिक सांस्कृतिक गतिविधियों के बीच शासकीय योजनाओं से संबंधित प्रश्नोत्तरी का भी आयोजन किया जाएगा और जीतने वाले प्रतिभागियों को आकर्षक उपहार दिए जाएंगे। कार्यक्रम में लोकनर्तक दल की प्रस्तुति होगी, स्थानीय कलाकार नृत्य, गायन, कविता पाठ जैसी प्रतिभाओं की प्रस्तुति दे सकते हैं। कार्यक्रम में विभिन्न स्पर्धाओं में जीतने वाले प्रतिभागियों को मौके पर ही डिस्काउंट-वाउचर, कूपन, उपहार दिया जाएगा। कलेक्टर अजीत वसंत ने आम नागरिकों से इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम का लाभ उठाने की अपील की है।

### मोरगा और कुदमुरा में समाधान शिविर आज

**कोरबा।** जिले के विकासखंडों के क्लस्टर ग्रामों में समाधान शिविर आयोजन कर ग्रामीणों को शासकीय योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। साथ ही प्राप्त आवेदनों के निराकरण की भी जानकारी दी जा रही है। इसी कड़ी में 17 मई को विकासखंड पोंड़ीउपरोड़ा के ग्राम मोरगा कलस्टर अंतर्गत सम्मिलित ग्राम पंचायत मोरगा, धजाक, केन्दई, खिरटी, मदनपुर, पतुरियाडांड, अरसिया, गिद्धमुड़ी और साखो हेतु पुराना पुलिस चौकी के सामने मोरगा में समाधान शिविर आयोजित किया जाएगा। इसी तरह विकासखंड कोरबा के ग्राम कुदमुरा कलस्टर अंतर्गत सम्मिलित ग्राम पंचायत बरपाली, मदनपुर, पसरखेत, जिल्गा, चचिया कुदमुरा, तौलीपाली और कटकोना हेतु शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल सिरमिना में समाधान शिविर आयोजित किया जाएगा।

### शासकीय ग्राम्य भारती कालेज में कैंपस प्लेसमेंट

**हरदीबाजार।** शासकीय ग्राम्य भारती महाविद्यालय हरदीबाजार में कैरियर काउंसिलिंग एंड प्लेसमेंट सेल के द्वारा कैम्पस प्लेसमेंट का आयोजन किया गया। जिले के चार्टड अकाउंटेंट संस्थान प्रहलाद मोदी एसोसिएट ने महाविद्यालय आकर साक्षात्कार के माध्यम से महाविद्यालय में अध्ययनरत 24 विद्यार्थियों का चयन विभिन्न पदों के लिए किया गया है। इस अवसर पर विद्यार्थियों के साक्षात्कार के लिए पधारे चार्टड अकाउंटेंट प्रहलाद मोदी एवं सुश्री महिमा मोदी का स्वागत किया गया। इस अवसर प्रभारी प्राचार्य अखिलेश पांडे ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि महाविद्यालय में विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ रोजगार भी मिले ताकि वह आत्मनिर्भर बन सके इसलिए महाविद्यालय में समय-समय पर इस प्रकार के कैंपस प्लेसमेंट कराए जाते हैं। इस दौरान इसके लिए 104 विद्यार्थियों ने अपना रजिस्ट्रेशन कराया। चयनित विद्यार्थियों का कार्यक्षेत्र दीपका -गेवरा-कुसमुंडा क्षेत्र में कार्य आबंटित किया जाएगा। कैरियर काउंसिलिंग एंड प्लेसमेंट सेल के संयोजक शिव दुबे ने साक्षात्कार के पूर्व विद्यार्थियों के लिए प्री-काउंसिलिग कार्यक्रम रखा था जिसमें महाविद्यालय के शिक्षकों की टीम ने पंजीकृत विद्यार्थियों को साक्षात्कार के लिए प्रशिक्षित किया था। इस कार्यक्रम में डॉ केके दुबे,डा अर्चना बोरकर, डॉ रानू राठौर, डॉ अनुरमन, डॉ उत्सा दासगुप्ता, शिव कुमार साहू, गुलशन देवांगन, आदित्य बघेल का विशेष सहयोग रहा।

### सड़क निर्माण हेतु लगभग 143 करोड़ के कार्यों का किया गया अनुमोदन

# डीएमएफ से जिले के सुदूरवर्ती ग्रामों में बिछेगा सड़कों का जाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला खनिज न्यास संस्थान के माध्यम से जिले में शिक्षा,स्वास्थ्य, सहित अन्य विकास कार्यों को लगातार गति दी जा रही है। इसी कड़ी में कलेक्टर ने सुशासन तिहार में आई सड़कों की मांग, जनप्रतिनिधियों और आमनागरिको के द्वारा लम्बे समय से की जा रही मांगों को ध्यान रखकर जिले के अनेक महत्वपूर्ण सड़कों का चयन किया है। डीएमएफ से लगभग 22 सड़कों की स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके लिए लगभग 143 करोड़ रुपए का अनुमोदन किया गया है।

कलेक्टर अजीत वसंत ने ग्राम गिधौरी चारपारा मार्ग लंबाई 5.625 किमी पुल पुलिया हेतु 7 करोड़ 73 लाख 53 हजार 700 रूपये, जिला कोरबा के पक्की सड़क का निर्माण हिर्रीआमा से बदरागढ मार्ग लंबाई 7 कि.मी. वास्तविक लंबाई 6 किलोमीटर पुल पुलिया सहित निर्माण हेतु 7 करोड़ 12 लाख 8 हजार रूपये, विकासखंड पोड़ी उपरोडा के ग्राम पाथा से खरबहरा धनुहारपारा लंबाई 4 किमी वास्तविक लंबाई 1.80 किमी का निर्माण कार्य हेतु 2 करोड़ 14 लाख 32 हजार रूपये, जिला कोरबा के डोगरी से मुढाली मार्ग लंबाई 3 किमी; वास्तविक लंबाई 2.175 कि.मी. का निर्माण कार्य हेतु 2 करोड़ 20 लाख 42 हजार, विकासखण्ड पोड़ी उपरोड़ा के ग्राम पनगवा से जल्के पहुँच मार्ग लंबाई 5 किलोमीटर वास्तविक लंबाई 4.10 किलोमीटर का निर्माण कार्य हेतु 4 करोड़ 75 लाख 70 हजार, विकासखण्ड कटघोरा के पण्डरीपानी से छुरी बकराबाजार व्हाया बिरवट मार्ग लंबाई 4 किलोमीटर वास्तविक लंबाई 2 किलोमीटर का निर्माण कार्य हेतु 1 करोड़ 95 लाख 75 हजार रूपये की स्वीकृति प्रदान की गई है।




#### उद्योग मंत्री का प्रयास रंग लाया



उक्त मुख्य मार्गों के नवीनीकरण के लिए उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन द्वारा किए गए प्रयास का प्रतिफल अब जिले वासियों को मिलने लगेगा। शहर के प्रमुख बाइपास मार्ग, सड़कों पुल पुलियों की स्थिति को बेहतर करने के प्रयास लगातार किया जा रहा हैं। मंत्री श्री देवांगन ने जिला खनिज न्यास मद का उपयोग अधोसंरचना के कार्यों में करने पिछली बैठक में दिए गए थे। मंत्री श्री देवांगन द्वारा जिन कार्यों के लिए प्रस्ताव दिए गए थे सभी को स्वीकृति मिली है।

#### 29 करोड़ की लागत से बनेगी कोरकोमा चचिया सड़क

कोरबा विकासखंड के अंतर्गत जिला मुख्यालय के रिंग रोड झगरहा से कोरकोमा से पसरखेत, बताती होते हुए चचिया कुदमुरा का लगभग 24 किमी लंबी सड़क निर्माण के लिए 29 करोड़ 80 लाख की राशि स्वीकृत की गई है। यह सड़क पिछले लंबे से समय से जर्जर बनी हुई थी। जिससे रांची, जशपुर जाने वाली यात्री बसें भी प्रतिदिन गुजरती है। मार्ग में स्थित पुरानी पुलिया भी क्षतिग्रस्त होने के कारण जर्जर हो चुकी है। उक्त पुलिया का निर्माण भी किया जाएगा।

#### टू लेन सड़क का होगा निर्माण

ध्यानचंद चौक से बजरंग चौक लंबाई 2.84 किलोमीटर 2 लेन सी.सी. मार्ग निर्माण कार्य हेतु 29 करोड़ 42 लाख 96 हजार, मुड़ापारा दादर से भालूसटका होते हुए रिस्दा बायपास मार्ग निर्माण कार्य लंबाई 1.80 किलोमीटर वास्तविक लंबाई 0.72 किलोमीटर हेतु एक करोड़ 58 लाख 11 हजार रुपए स्वीकृत किया गया है।

#### चैतुरगढ़ पर्यटन स्थल की भी बनेगी सड़क

पर्यटन स्थल चैतुरगढ़ में जेमरा चैतुरगढ सडक के सी.सी. शोल्डर चौडीकरण लंबाई 6.60 किलोमीटर कार्य हेतु 5 करोड़ 33 लाख 50 हजार और घिनारा से खुंटाकुड़ा मार्ग का लंबाई 10 किलोमीटर वास्तविक लंबाई 4.525 किलोमीटर पुल पुलिया सहित निर्माण कार्य हेतु 05 करोड़ 80 लाख 75 हजार रूपये की स्वीकृति प्रदान की गई है।

## नितेश कुमार मेमोरियल स्कूल के बच्चों ने बढ़ाया स्कूल का मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सीबीएसई बोर्ड द्वारा आयोजित बोर्ड परीक्षा में ग्राम खरहरकुड़ा मड़वारानी में संचालित नितेश कुमार मेमोरियल लायंस पब्लिक स्कूल के बच्चों ने आस पास के पूरे क्षेत्र में उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर विद्यालय सहित अपने परिजनो एवं क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। कक्षा बारहवीं से छात्रा कु.मोही सुल्तानिया ने 95.8 प्रतिशत अंक से प्रथम स्थान, छात्र प्रियांश कुमार ने 94.8 प्रतिशत अंक से द्वितीय स्थान एवं छात्र आर्यन महोबिया ने 89.8 प्रतिशत अंक से तृतीय स्थान प्राप्त कर पूरे क्षेत्र में नया किर्तीमान रचते हुये क्षेत्र का गौरव बढ़ाया। वहीं कक्षा 10वीं से छात्रा कु.हिमांशी कंवर ने 81.6 प्रतिशत अंक से प्रथम स्थान, छात्र राहुल निर्मलकर ने 81.2 प्रतिशत अंक से द्वितीय स्थान एवं छात्रा रागिनी कंवर ने 80.8 प्रतिशत अंक से तृतीय स्थान प्राप्त कर नाम रौशन किया है। विद्यालय के प्राचार्य श्री राकेश साहू जी ने बताया कि इस सत्र 12वीं के छात्रो ने सर्वाधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है वहीं कक्षा 10वी का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। इस पर विद्यालय के चेयरमेन पीएमजेएफ लायन डॉ.राजकुमार अग्रवाल ने सभी छात्रो को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि विद्यालय का उद्देश्य सभी बच्चों को अंग्रेजी माध्यम में उन्नत शिक्षा प्रदान करना है ताकि एक बेहतर शिक्षा प्राप्त कर सभी बच्चे समाज को एक नयी धारा से जोड़ते हुये राष्ट्र विकास में अपना योगदान दे। साथ ही बच्चो के इस सफलता के पीछे उनके अभिभावको एवं शिक्षको के परिश्रम की सराहना करते हुये बधाई दी।


मोही सुल्तानिया।


प्रियांश।


आर्यन।


हिमांशी।


राहुल


रागिनी।

## कुसमुंडा खदान से प्रभावित ग्रामीणों को संपूर्ण हक मिलने तक विस्थापन के लिए न करें विवश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत ने केन्द्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी किशन रेड्डी से एसईसीएल प्रबंधन द्वारा संचालित कुसमुण्डा कोयला खदान विस्तार परियोजना से सीधे तौर पर प्रभावित हो रहे ग्राम चंद्रनगर (जटराज) के निवासियों को विस्थापित किये जाने से पूर्व पुर्नविस्थापन के तहत मुआवजा और बसाहट के साथ बुनियादी सुविधाएं एवं पात्रतानुसार रोजगार उपलब्ध कराए जाने की मांग की है।

**खास बात**
- सांसद ज्योत्सना महंत ने कोयला मंत्री को लिखा पत्र

सांसद श्रीमती महंत ने केन्द्रीय कोयला मंत्री श्री रेड्डी। को लिखे पत्र में उल्लेख किया है कि एसईसीएल कुसमुण्डा कोयला विस्तार परियोजना से प्रभावित ग्राम चंद्रनगर (जटराज) के ग्रामीणों ने मुलाकात कर अपनी पीड़ा व्यक्त की है, जिसमें ग्रामीणों ने बताया है कि एसईसीएल प्रबंधन द्वारा बिना उचित मुआवजा, पुर्नव्यवस्थापन और बुनियादी सुविधाओं के साथ ही उचित रोजगार उपलब्ध कराए बिना ही व्यवस्थापन के लिए विवश किया जा रहा है जो कि केन्द्र सरकार के द्वारा इस तरह के प्रभावितों के लिए बनाए गए राहत नियमों का सीधा उल्लंघन है। ग्राम चंद्रनगर (जटराज) के ग्रामीणों को प्रशासन के द्वारा सर्वमंगला मंदिर के आगे नदी के किनारे बसाहट के लिए जो स्थल चिन्हित किया गया है वह पूरी तरह से उबड़ खाबड़ और बेतरतीब पड़ा हुआ है। उस स्थल में न्यूनतम आवश्यक बुनियादी सुविधाएं भी नहीं है। इसलिए मांग है कि चिन्हांकित स्थल को पहले समतलीकरण किया जाए और वहां विस्थापित होने वाले परिवारों को आवश्यक बुनियादी सुविधाएं बिजली, पानी, सड़क, उपलब्ध कराई जाए, ताकि विस्थापित परिवार चिन्हांकित स्थल में सकुशल जीवनयापन कर सके। साथ ही बच्चों की शिक्षा व ग्रामीणों के स्वास्थ्य को लेकर भी कार्यवाही की जाए। प्रबंधन द्वारा मकानों को छोड़कर अन्य स्थलों में डोजर चला दिया गया है। प्रबंधन के इस तानाशाही रवैये का विरोध करने पर ग्रामीणों को आश्वासन का झूनझूना थमा दिया जाता है।


ज्योत्सना महंत

### अखण्ड नवधा रामायण यज्ञ का हवन व सहस्त्रधारा के साथ हुआ समापन

**भैसमा।** आदर्श ग्राम नवापारा में ग्रामीणों द्वारा सार्वजनिक संकट मोचन हनुमान मंदिर प्रांगण में अखण्ड नवधा रामायण(नवम वर्ष )का सफल आयोजन किया गया। 9 दिन तक चले इस धार्मिक अनुष्ठान में दूर दराज से भक्त श्रद्धालु, मानस गायन मण्डली,शास्त्रीय संगीत मण्डली, महिला मानस संकीर्तन मण्डली,मानस प्रवक्ता शामिल हुए। इस कार्यक्रम में माँ वैष्णवी संगीत महाविद्यालय सारंगढ़ के प्राचार्य एलडी वैष्णव एवम छात्र छात्राओं द्वारा शास्त्रीय संगीत गायन किया। नवधा रामायण के माध्यम से रामायण मण्डली भगवान श्रीराम की जीवनगाथा को गाकर लोगों को जीवन की सीख देते है और यही परम्परा चली आ रही है। आचार्य पं गजानन्द दुबे के नेतृत्व मे प्रतिदिन विधिवत पूजन एवम महाआरती विशेष सहयोगी संगीताचार्य पं जयलाल प्रसाद पांडेय, पं तोयम दुबे, पं श्रीकेशन महाराज द्वारा सम्पन्न कराया गया।

## भीषण गर्मी में कुदरीचिंगार जूनापारा के ग्रामीण पानी के लिए हलाकान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा ब्लॉक के ग्राम पंचायत डोकरमना के कुदरीचिंगार जूनापारा में पानी की समस्या ने ग्रामीणों की परेशानी बढ़ा दी है। गांव में लगा हुआ हैंडपंप खराब है और गांव के किनारे बहने वाला नाला भी सूख गया है। इसकी वजह से बस्ती में रहने वाले ग्रामीण हलाकान हैं। यही वजह है कि ग्रामीणों ने पानी की समस्या को देखते हुए नाला के बीच रेत और मिट्टी को हटाकर पानी के पुराने स्त्रोत को ढूंढ़ा। अब इसी से पानी ले रहे हैं।

**खास बात**
- पानी की समस्या से जूझ रहे ग्रामीण, पुराने स्रोत से निकाल रहे पीने का पानी

वनांचल क्षेत्रों में ग्रामीण गर्मी के समय हर साल पानी की समस्या से जूझते हैं। इस क्षेत्र का भू-जल स्तर भी तेजी से गिर जाता है, जिसकी वजह से हैंडपंप में पानी नहीं निकलता। ग्रामीणों को मजबूरन पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता है। गामीण अतरसाय मंझवार का कहना है कि यहां के बिगड़े हुए हैंडपंप को सुधारने कोई रुचि नहीं दिखाई जा रही है। इसकी शिकायत कई बार की जा चुकी है, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि पानी की समस्या लंबे समय से बनी हुई है, लेकिन समाधान नहीं हो पा रहा है। ग्रामीणों ने कई बार अधिकारियों से शिकायत की है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं होती है। ग्रामीणों ने मांग की है कि जल्द से जल्द हैंडपंप की मरम्मत की जाए और पानी की समस्या का समाधान किया जाए। अधिकारियों का कहना है कि पानी की समस्या की शिकायत मिली है और जल्द ही इसका समाधान किया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि गर्मी के समय पानी की समस्या आम है, लेकिन हमारी कोशिश है कि ग्रामीणों को पानी की समस्या न हो। ग्रामीणों ने मांग की है कि जल्द से जल्द हैंडपंप की मरम्मत की जाए और पानी की समस्या का समाधान किया जाए। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।


ढोढी से पानी निकालते ग्रामीण।

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी दीपका, जिला कोरबा (छ.ग.)**

//ईश्तहार//

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक प्रकाश कुमार पिता स्व. मोतीराम जाति कंवर निवासी पड़निया तहसील दीपका जिला कोरबा (छ.ग.) के द्वारा अपने मोतीराम पिता रामेश्वर की मृत्यु दिनांक 25.09.2005 स्थान पड़निया तहसील दीपका में घर में मृत्यु होने के कारण पंजीयन करने हेतु स्थानीय रजिस्ट्रार जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 एवं छत्तीसगढ़ जन्म मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियम 2001 के अंतर्गत निर्देश देने हेतु आवेदन पत्र, शपथ पत्र, अनुपलब्धता एवं अन्य दस्तावेज सहित इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति दावा प्रस्तुत करना हो तो वे दिनांक 20/05/2025 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है, नियत तिथि के बाद में प्रस्तुत आपत्ति दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। अतः आज दिनांक 02.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा से ईश्तहार जारी किया गया है।

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**दीपका, जिला-कोरबा (छ.ग.)**

**न्यायालय तहसीलदार कटघोरा, जिला-कोरबा (छ.ग.)**

//ईश्तहार //

रा.प्र.क्र. 202504050700051
अ-6 / 2024-25
ग्राम अरदा, प.ह.नं. 07, तहसील कटघोरा

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता मौजा ग्राम अरदा को सूचित किया जाता है कि आवेदक मनराखन पिता संतराम, उम्र 50, जाति-रोहिदास, निवासी ग्राम-अरदा, तहसील कटघोरा, जिला कोरबा (छ.ग.) के द्वारा ग्राम अरदा, प.ह.नं. 07, रा.नि.मं. व तहसील-कटघोरा स्थित भूमि ख.नं. 777/2 एवं 781/2 रकबा क्रमशः 0.061 एवं 0.016 हे. भूमि को विक्रेता दूजराम पिता श्यामलाल एवं राधेश्याम पिता श्याम लाल, निवासी ग्राम अरदा, तहसील-कटघोरा से आवेदक द्वारा पंजीकृत बैनामा दिनांक 16.02.2015 के माध्यम से क्रय करने के पश्चात आज दिनांक को अपने नाम पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

इस संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति हो तो वह दिनांक 30.05.2025 को न्यायालयीन समय में उपस्थित होकर अपना दावा आपत्ति जो कुछ भी हो पेश कर सकते है। नियत अवधि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 13.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर लगाकर जारी किया गया।

स्थान :-कटघोरा

**तहसीलदार**
**कटघोरा**
**जिला-कोरबा (छ.ग.)**

## पटपरा में गहराया जल संकट बोर से नहीं मिल रहा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ चैतमा

पाली विकास खंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत पटपरा में ऊपर मोहल्ला में दो हैंड पंप स्थापित है जिसमें से एक बंद है एक चालू है पीएचई विभाग द्वारा पानी टंकी का निर्माण एवं बोर खनन मीना पूर्ण कराया गया उसका टेस्ट भी कराया गया किंतु आज तक उक्त बोर से गांव वालों को पानी नसीब नहीं हुआ जिसके चलते गांव वाले कुआं का पानी पीने के लिए मजबूर हैं। इस संबंध में सरपंच ने बताया कि विभाग को कई बार खाने के बाद भी उनके द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया गया जिससे पेयजल की समस्या करने जा रही है। इस संबंध में पीएचई के उपयंत्री श्रीमती दुर्गेश्वरी मिश्रा से उनका पक्ष जाने के लिए फोन किया गया किंतु उनके द्वारा फोन रिसीव नहीं किया गया। इससे पूर्व में भी उनका पक्ष जानने के लिए बार-बार फोन करने पर उनके द्वारा फोन रिसीव नहीं किया जाता जिससे उनका पक्ष नहीं दिया जा सका।

## सुशासन तिहार बक्साही में 1968 आवेदनों का निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रदेशभर में आयोजित सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत आज शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बकसाही में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभागीय अधिकारियों द्वारा अपने विभाग से संचालित योजनाओं की विस्तृत जानकारी के साथ प्रथम चरण में प्राप्त आवेदनों का निराकरण की जानकारी दी गई। बकसाही कलस्टर में 9 ग्राम पंचायतों से प्राप्त कुल आवेदन 1968 में 1968 आवेदनों का निराकरण कर लिया गया हैं।जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. पवन सिंह द्वारा सुशासन तिहार के महत्व को बताते हुये इसका लाभ लेने की अपील जनता से की गई एवं दिये गये आवेदनो का निराकरण सुनकर अमल करने की बात कही गई। उन्होंने अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों का शतप्रतिशत निराकरण कर जनता को लाभ दिलाने कहा। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष एवं उपस्थित जनप्रतिनिधियों के हाथों ग्राम पंचायत चेपा, तालापार, हरनमुडी को स्वास्थ्य विभाग द्वारा टी. बी. मुक्त पंचायतों को राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी का प्रतीक चिन्ह एवं प्रमाण पत्र प्रदाय किया गया। जिला खेल एवं कल्याण विभाग द्वारा शा.उ.मा.शाला बकसाही को खेल सामाग्री का वितरण किया गया। राजस्व विभाग द्वारा 11 हितग्राहियो को वन अधिकार पत्र एवं पर्ची का वितरण किया गया। श्रम विभाग द्वारा 01 श्रमकार्ड का वितरण किया गया ।

## कोरबा मार्केट









## खबर संक्षेप



### प्रमुख सचिव ने किया एकलव्य हेतु आबंटित भूमि का निरीक्षण

**कोरबा।** प्रमुख सचिव सोनमणी बोरा ने शुक्रवार को पोंड़ीउपरोड़ा विकासखंड में नवीन एकलव्य आवासी विद्यालय हेतु आबंटित भूमि का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस अवसर पर उप सचिव बीके राजपूत एवं तहसीलदार भी उपस्थित थे।

### मृतक की पत्नी को 25 हजार की सहायता राशि स्वीकृत

**कोरबा।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कोरबा द्वारा तहसीलदार अजगरबहार से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर 25 मई 2024 को कोदोराम पिता रामचरण रोहिदास निवासी सतरेंगा तहसील अजगरबहार की मृत्यु सड़क दुर्घटना में हो गई थी। इस संबंध में पटवारी प्रतिवेदन, पंचनामा, पुलिस में दर्ज एफआईआर, आकाल एवं आकस्मिक मृत्यु सूचना पंजी, शव परीक्षा प्रतिवेदन, अंतिम जांच प्रतिवेदन आदि दस्तावेज के आधार पर मृतक के निकटतम वारिस पत्नी लक्ष्मणिया बाई को 25 हजार रूपये की सहायता अनुदान स्वीकृत किया गया है।

### कोरकोमा, खरवानी, छुरी, कटोरीनगोई लाफा और बांकीमोंगरा में शिविर 19 को

**कोरबा।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि माह मई में जिले के विभिन्न स्वास्थ्य केन्द्रों में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कर वयोवृद्ध लोगों का निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच एवं दवाईयों का वितरण किया जा रहा है। इसी कड़ी में 19 मई को कोरबा ब्लाक के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कोरकोमा, करतला ब्लाक के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खरवानी, कटघोरा ब्लाक के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र छुरी, पोंड़ीउपरोड़ा ब्लाक के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कटोरीनगोई, पाली ब्लाक के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाफा और शहरी क्षेत्र में यूपीएचसी बांकीमोंगरा में वयोवृद्ध स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा।

### जहर खाने से युवक की मौत

**कोरबा।** करतला थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम डोंगदरहा निवासी आकाश कुमार चौहान उम्र 22 वर्ष पिता सुख सिंह चौहान ने 13 मई को अज्ञात कारणों के चलते घर में रखें किसी कीटनाशक पदार्थ का सेवन कर लिया था। जब उसकी तबीयत बिगड़ी तो परिजनों ने उसे उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया था। जहां पिछले तीन दिनों से आकाश का उपचार मेडिकल हॉस्पिटल में चल रहा था। इसी बीच शुक्रवार की सुबह उसकी तबियत अचानक बिगड़ी और इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। आकाश में किन कारणों के चलते यह आत्मघाती कदम उठाया है स्पष्ट नहीं हो पाया है।

### मोटर सायकल चालक ने मासूम को मारी टक्कर, जुर्म दर्ज

**कोरबा।** लेमरु थाना क्षेत्र अंतर्गत मारगांव बसाहट सतरेंगा निवासी प्रताप सिंह कंवर उम्र 28 वर्ष पिता बिसाहू सिंह कंवर ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसकी बड़ी पुत्री श्रृष्टि कंवर 5 वर्ष 14 मई को लगभग 3.30 बजे घर से खेलने के लिए रोड पार कर रही थी तभी एक मोटर सायकल चालक ने तेजी एवं लापरवाहीपूर्वक मोटर सायकल को चलाते हुए श्रृष्टि कंवर को सीधा ठोकर मार दिया जिससे श्रृष्टि रोड से दूर गिर गई गिरने से श्रृष्टि के सिर, चेहरा में चोट लगा था। मोटर सायकल चालक का पीछा करने पर मोटर सायकल के चालक को ग्राम कोराई के पास पकड़ा गया। पूछताछ करने पर मोटर सायकल चालक ने अपना नाम ग्राम मनगांव पार्षद मोहल्ला कुसमुण्डा निवासी ओम प्रकाश यादव उम्र 22 वर्ष पिता संतोष कुमार यादव बताया। प्रार्थी प्रताप सिंह की रिपोर्ट पर पुलिस ने मोटर सायकल चालक ओम प्रकाश के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर उसकी खोजबीन शुरु कर दी है।

### 29 अप्रैल को परिणाम घोषणा होने के बाद अस्थायी अंकसूची से चल रहा काम

# पांचवीं और आठवीं के 37 हजार छात्रों को एक पखवाड़े से है अंकसूची का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

लगभग 14 साल बाद राज्य स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा ली गई पांचवीं आठवीं बोर्ड परीक्षा के छात्रों को परीक्षा परिणाम घोषणा के एक पखवाड़े बाद भी स्कूल शिक्षा विभाग के द्वारा अंकसूची नहीं भेजे जाने के कारण 37 हजार से अधिक परीक्षार्थियों को उनके अंकसूची का इंतजार बना हुआ है। शिक्षा विभाग बाहर जाने वाले छात्रों को स्थानांतरण प्रमाण पत्र के साथ अस्थायी अंकसूची देकर काम चलाया जा रहा है।

**खास बात**

- शिक्षा विभाग स्थानांतरण के दौरान बाहर जाने वाले छात्रों को दे रहा अंकसूची



फाइल फोटो

पहली बार केंद्रीयकृत परीक्षा प्रणाली से पांचवीं और आठवीं बोर्ड परीक्षा आहूत की गई थी जिसके परीक्षा परिणाम 29 अप्रैल को घोषित किया गया था। उस उक्त स्कूल के प्रधानपाठकों को उनके मोबाइल नंबर पर अस्थायी अंकसूची भेज दी गई। उक्त अंकसूची को ही प्रधानपाठकों के द्वारा बच्चों के अभिभावकों को उनके मोबाइल नंबर पर भेजा गया और अब तक एक पखवाड़ा के बाद भी छात्र छात्राओं को वाट्सेअप से मिली अंकसूची से ही काम चलाना पड़ रहा है। इसमें कई ऐसी तकनीकी खामियां सामने आ रही है जिससे स्कूल के शिक्षक और प्रधानपाठक के साथ अभिभावक भी परेशानी झेल रहे हैं। कई अभिभावक हैं जिनका नाम अस्थायी अंकसूची में नहीं है वहीं बच्चों के नंबर में भी जमीन आसमान का अंतर है। इसे लेकर अभिभावक शिक्षा विभाग के कार्यालय का चक्कर काट रहे हैं। बताया जाता है कि स्कूल शिक्षा विभाग रायपुर के द्वारा अब तक अंकसूची नहीं भेजी गई है। जिसकी वजह से छात्रों को अंकसूची कब उपलब्ध होगी यह कहना अभी भी मुश्किल हो रहा है।

**किस कक्षा में कितने परीक्षार्थी**

शिक्षा विभाग के जानकारी के अनुसार कक्षा पांचवी में दर्ज संख्या 19 हजार 373 है जबकि परीक्षा में 19 हजार 65 परीक्षार्थी शामिल हुए हैं जिसमें 18 हजार 518 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए हैं तथा 547 छात्र अनुत्तीर्ण रहे। परीक्षा परिणाम 97.13 प्रतिशत रहा। इसी तरह आठवीं की परीक्षा में 18 हजार 990 दर्ज संख्या थी। परीक्षा में 17 हजार 998 परीक्षार्थी शामिल हुए। जिसमें 16 हजार 821 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए तथा 1 हजार 177 परीक्षार्थी फेल हुए। परीक्षा परिणाम 93.46 प्रतिशत रहा।

**दी जा रही है प्रमाणित अंकसूची**

स्कूल शिक्षा विभाग रायपुर से अब तक पांचवीं आठवीं की अंकसूची नहीं मिली है लेकिन विभाग के द्वारा अस्थायी अंकसूची दी गई है। स्थानातंरण प्रमाण पत्र लेने वाले छात्रों को प्रमाणित कर अंकसूची दी जा रही है।

- टीपी उपाध्याय, डीईओ

# नौकरी दिलाने के नाम पर पौने दो लाख की ठगी की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत आईस फैक्टरी रोड पुरानी बस्ती निवासी कुंदन लाल यादव पिता स्व. बाबूलाल यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसके परिचित रामनारायण यादव द्वारा कुंदन को जनवरी 2024 में बताया गया कि समय शिक्षा के अन्तर्गत री-इंडिया एनजीओ रायपुर को वोकेशनल टीचर भर्ती का टेंडर मिला है।

छत्तीसगढ़ शासन के विभिन्न स्कुलो में टीचर की आवश्यकता है, कोरबा के ही शासकीय स्कूल में वोकेशनल टीचर के रूप में नियुक्ति हो रही है, सिक्यूरिटी, मेडिकल, और पोलिस वेरिफिकेशन के लिए कुल 2 लाख रुपए कहा गया है और यह राशि 2 साल के लिए संस्था के पास जमा रहेगी। नियुक्ति पत्र के साथ जमा राशि 2 लाख रुपए दो साल बाद वापस कर दिया जायेगा तथा राम नारायण द्वारा यह भी कहा गया कि सिक्युरटी मनी, मेडिकल तथा पुलिस वेरिफिकेशन के लिए 2 लाख रुपए जल्द से जल्द जमा कर दे ताकि प्रक्रिया चालू की जा सके। कुंदन रामनारायण यादव के झांसे में आकर विभिन्न किश्तों में कुल 1 लाख 77 हजार रुपए का भुगतान किया लेकिन आज पर्यन्त ना तो कुंदन की नौकरी लगी और ना ही रामनारायण यादव के द्वारा कुंदन का पैसा वापस किया गया है। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने रामनारायण यादव ने इसकी शिकायत पुलिस अधीक्षक कार्यालय में की है। जांच के बाद ही मामला पूरी तरह से स्पष्ट होगा। फिलहाल पुलिस मामले की जांच के बाद अपराध दर्ज करेगी।

### सर्पदंश से युवक की मौत

**कोरबा।** कटघोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कोटा निवासी घनश्याम चौहान उम्र 41 वर्ष पिता गोरखनाथ बुधवार की रात खाना खाकर अपने कमरे में खाट पर सोया हुआ था। इसी दौरान देर रात लगभग 3 बजे घोड़ा करैत नामक सर्प ने घनश्याम चौहान को डस लिया। जब परिजनों को पता चला तो उसे उपचार के लिए कटघोरा स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में दाखिल कराया गया जहां उसकी बिगड़ती हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने मेडिकल अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन घनश्याम को मेडिकल हॉस्पिटल लेकर आ रहे थे कि बीच रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

# कोल क्षेत्र में प्रस्तावित एक दिवसीय राष्ट्रव्यापी हड़ताल स्थगित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जैसी की उम्मीद जताई जा रही थी कि कोयला जगत के केन्द्रीय श्रमिक संगठनों की 20 मई को प्रस्तावित एक दिवसीय राष्ट्रीव्यापी हड़ताल फिलहाल स्थगित कर दी गई है। अब 9 जुलाई को हड़ताल की नई तिथि घोषित की गई है।

**खास बातें**

- पहलगाम हमले के बाद दिल्ली में आयोजित बैठक में श्रमिक संगठनों ने लिया निर्णय
- 20 की जगह अब 9 जुलाई को हड़ताल की नई तिथि घोषित

दरअसल पहलगाम में हुए आतंकी हमले को देखते हुए देश में बनी स्थिति को लेकर यह निर्णय लिया गया है। श्रमिक संगठनों का कहना है कि 9 जुलाई को राष्ट्रव्यापी हड़ताल होगी, जिसका कोल इंडिया के सभी अनुषंगी कंपनियों में व्यापक असर देखने को मिलेगा।



उल्लेखनीय है कि केन्द्रीय ट्रेड यूनियनों की 18 मार्च को आयोजित सम्मेलन में 20 मई को एक दिवसीय राष्ट्र व्यापी हड़ताल करने का निर्णय लिया गया था। राष्ट्रव्यापी हड़ताल को लेकर कोयला उद्योग में संचालित अलग अलग यूनियन तैयारी में भी जुट गए थे। श्रमिक संगठन बीएमएस को छोड़कर शेष केन्द्रीय ट्रेड यूनियनों ने हड़ताल की घोषणा की थी। हालांकि 15 मई को दिल्ली में आयोजित बैठक के बाद 20 मई को प्रस्तावित एक दिवसीय राष्ट्रव्यापी हड़ताल को फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। अब 9 जुलाई को राष्ट्रव्यापी हड़ताल की नई तिथि घोषित की गई है। कोल सेक्टर में सक्रिय यूनियन भी हड़ताल की तैयारी में थी। बीएमएस को छोड़ दस केंद्रीय ट्रेड यूनियनों ने हड़ताल का आह्वान किया था। बैठक के बाद जारी बयान में कहा गया है कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद उत्पन्न स्थिति पर विचार करने के बाद देश के जिम्मेदार देशभक्त नागरिकों के एक अभिन्न अंग के रूप में ट्रेड यूनियनों के संयुक्त मंच ने श्रम संहिताओं के कार्यान्वयन और श्रमिकों, किसानों और आमलोगों की अन्य वैध मांगों को लेकर 20 मई को होने वाली हड़ताल को स्थगित कर 9 जुलाई को राष्ट्रव्यापी आम हड़ताल की नई तिथि तय की है। बैठक में इंटक, एआईटीयूसी, एचएमएस, सीआईटीयू, एआईयूटीयूसी, टीयूसीसी, एसईडब्ल्यूए, एआईसीसीटीयू, एलपीएफ, यूटीयूसी सहित स्वतंत्र एवं क्षेत्रीय फेडरेशन के मजदूर नेता मौजूद थे।

**हड़ताल से बीएमएस अलग**

वहीं दूसरी ओर भारतीय मजदूर संघ ने पहले ही 20 मई को प्रस्तावित हड़ताल से खुद को अलग कर लिया है। संघ ने कहा कि यह हड़ताल राजनीतिक प्रेरणा से है और श्रमिकों के हितों के बजाय राजनीतिक दबाव बनाने का प्रयास है। संघ ने स्पष्ट किया है कि वह इस हड़ताल में भाग नहीं लेगा, क्योंकि यह हड़ताल राजनीतिक रूप से प्रेरित है और इसका उद्देश्य वास्तविक श्रमिक हितों से अधिक राजनीतिक दबाव बनाना है। भारतीय मजदूर संघ ने अपने आधिकारिक बयान में बताया कि केन्द्र सरकार ने 2019 और 2020 के बीच प्रभावी 29 श्रम कानूनों को समाहित कर चार नए श्रम संहिताएं बनाई थी कोड ऑन वेजेस 2019, कोड ऑन सोशल सिक्योरिटी 2020, ऑक्यूपेशनल सेफ्टी एंड हेल्थ कोड 2020 और इंडस्ट्रियल रिलेशन्स कोड 2020, संघ ने इनमें से दो प्रमुख कोडवेज कोड 2019 और सोशल सिक्योरिटी कोड 2020- का स्वागत करते हुए इन्हें ऐतिहासिक कदम बताया है। बीएमएस के अनुसार, नए कोड के अंतर्गत संगठित और असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को न्यूनतम वेतन, सामाजिक सुरक्षा और रोजगार की गारंटी मिलती है। विशेष रूप से सोशल सिक्योरिटी कोड 2020 में कर्मचारियों की बीमारियों और दुर्घटनाओं के मामले में ईएसआईसी हॉस्पिटल की सुविधा को विस्तार दिया गया है।

# सर्वमंगला चौक पर बेतरतीब वाहन पार्किंग करने वाले ट्रेलर चालकों पर गिरी गाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



चालानी कार्यवाही करती पुलिस कर्मचारी।

सर्वमंगला चौक पर ट्रेलर चालक बेतरतीब ढंग से अपनी ट्रेलर वाहनों को खड़ा कर देते हैं। जिसकी वजह से आम राहगीरों को मार्ग में गुजरने में खासी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। एक दिन पहले ही हरिभूमि ने इस खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया था जिसके बाद सर्वमंगला चौकी पुलिस की टीम हरकत में आई और सर्वमंगला चौक में बेतरतीब ट्रेलर वाहनों को पार्किंग करने वालों के खिलाफ पुलिस ने ताबड़तोड़ कार्रवाई की है।

उल्लेखनीय है कि सर्वमंगला चौक से होकर ट्रेलर चालक कुसमुण्डा, दीपका खदान सहित अन्य मार्गों पर आना-जाना करते हैं पिछले कुछ दिनों से देखा जा रहा था कि सर्वमंगला चौक पर बड़े पैमाने पर ट्रेलर चालक अपनी वाहनों को पार्किंग कर देते थे जिसके चलते इस मार्ग में जाम की स्थिति निर्मित हो रही थी और लोगों को आने-जाने में खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा था। यहां तक की हादसों का खतरा भी बना हुआ था। इसे लेकर हरिभूमि ने एक दिन पहले ही खबर प्रकाशित किया था। जिसके बाद सर्वमंगना चौकी प्रभारी वैभव तिवारी शुक्रवार को अपनी टीम के साथ शाम को विशेष अभियान के तहत सर्वमंगला चौक सहित मार्ग में बेतरतीब ट्रेलर वाहनों को खड़ा करने वाले चालकों के खिलाफ कार्रवाई करने उतरी। जहां सर्वमंगला चौकी पुलिस ने कुछ घंटे के भीतर ही एक दर्जन से अधिक ट्रेलर चालकों के खिलाफ कार्रवाई की है। सर्वमंगला चौकी प्रभारी वैभव तिवारी ने बताया कि सभी चालकों के खिलाफ विधिवत कार्रवाई कर जुर्माना ठोंका गया है और सभी चालकों को हिदायत दी गई है कि आने वाले दिनों में यदि इस स्थान पर वाहनों को बेतरतीब ढंग से पार्किंग करते हैं तो उनके खिलाफ और भी सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### एटीएम कार्ड से 20 हजार की चोरी

**कोरबा।** बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत म.नं. 472 नेहरू नगर बालको निवासी संजय कुमार केंवट उम्र 39 वर्ष पिता स्व. लखन लाल केंवट ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 15 मई को शाम लगभग 5:40 बजे सेक्टर-5 बालको स्थित भारतीय स्टेट बैंक के एटीएम से पैसा निकालने गया था। इसी दौरान अज्ञात व्यक्ति द्वारा एटीएम के पास से संजय के जेब से एटीएम कार्ड को चोरी कर संजय के खाता से 20 हजार रुपए निकाल लिया है। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

# खिड़की दरवाजा आपूर्ति करने के नाम पर लाखों की ठगी, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सीएसईबी चौकी क्षेत्र अंतर्गत अग्रोहा मार्ग निवासी रोहित अग्रवाल ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि सन विलर्डस एण्ड डेवल्पर्स का पार्टनर होकर उक्त फर्म के माध्यम से निर्माण कार्य करने का व्यवसाय करता है। रोहित ने रिपोर्ट दर्ज कराई है जिसमें उसने उल्लेख किया है कि उपरोक्त फर्म के निर्माणधीन भवन के वास्ते रायपूर स्थित फर्म मैटिक विन्डो के संचालक शैलेश डालमिया जोकि डिजाईनर खिडकी व दरवाजे बनाने का कार्य करता है। जिससे उसकी मुलाकात कर अपने सर्वणा सिटी मे निर्माणधीन भवन में नये डिजाईन के दरवाजे व खिडकी की आपूर्ति करने के संबंध में चर्चा किया था। जिस पर उक्त फर्म के संचालक के द्वारा रोहित को अपने पास पुराने व नये डिजाईन के दरवाजे व खिडकी को दिखाकर सम्पूर्ण भवन में लगने वाले खिडकी व दरवाजे को बाजार भाव से बहुत कम किमत पर आपूर्ति किये जाने का झांसा देकर उससे 14 लाख 79 उन्यासी हजार 180 रुपए की न तो खिड़कियों की आपूर्ति आज दिनांक तक नही किया है और न ही उक्त रकम को वापस किया है। रोहित की रिपोर्ट पर पुलिस ने मैटिक विन्डो के संचालक शैलेश डालमिया के खिलाफ धारा 420 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

# हाथियों का झुण्ड पहुंचा सेमरहा, अमला सतर्क

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कटघोरा वनमंडल में हाथी लगातार उत्पात मचा रहे हैं। केंदई रेंज के कोरबी सर्किल में विचरण कर रहे 11 हाथियों का झुण्ड अब रेंज की सीमा को पार कर पसान रेंज के सेमरहा पहुंच गए हैं। हाथियों को शुक्रवार की सुबह यहां के जंगल में विचरण करते हुए ग्रामीणों ने देखा और इसकी सूचना वन विभाग को दी। जिस पर विभाग का अमला सतर्कता बरतते हुए हाथियों की निगरानी में जुट गया है। हाथियों ने तत्काल क्षेत्र में कोई नुकसान नहीं पहुंचाया है फिर भी इसकी संभावना बनी हुई है। इसे देखते हुए वन विभाग ग्रामीणों को सतर्क करने के अभियान में जुट गया है। ग्रामीणों से कहा जा रहा है कि क्षेत्र में 11 हाथियों की दस्तक हो गई है और वे लगातार मंडरा रहे हैं इससे खतरा हो सकता है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

### बाजार व्यवसायी तिरपाल बांधने कर रहे उपयोग

# वर्षों पुरानी विरासत जय स्तम्भ खोता जा रहा अपनी पहचान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

नगर की महत्वपूर्ण पुरानी और विरासत कटघोरा मेन रोड में स्थित जय स्तम्भ जो आसपास के क्षेत्र के लिए स्वतंत्रता का प्रतीक है ऐसी ऐतिहासिक और पुरानी विरासत की अब अनदेखी किए जाने से यह अपनी पहचान खोते जा रहा है। राष्ट्रीय गौरव इतिहास के प्रतीक इस धरोहर के आसपास लगने वाले बाजार के व्यवसायी इसका उपयोग तिरपाल बांधने के लिए कर रहे हैं। आसपास सफाई व्यवस्था नहीं होने के कारण अपनी पहचान खोता जा रहा है। इस मुद्दे को लेकर तमाम संगठनों ने नगर पालिका को पत्र प्रेषित किया है। इसी कड़ी में भारतीय जनता युवा मोर्चा के किशन केशरवानी ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी को पत्र प्रेषित कर जय स्तम्भ के समीप लगने वाले साप्ताहिक बाजार को कहीं अन्यंत्र करने की मांग की है। अपने पत्र पर श्री केशरवानी ने बताया कि जिस स्थल पर साप्ताहिक बाजार संचालित किया जा रहा है, उक्त मोहल्ला काफी सकरा होने के साथ बाजार स्थल के लिए उपयुक्त नहीं है। बाजार के दिन सब्जी व्यवसायियों के द्वारा जय स्तम्भ का उपयोग तिरपाल का उपयोग एक खंभे के रुप में कर रहे हैं। वहीं जय स्तम्भ के चारों ओर दो पहिया वाहनों को खड़ा कर दिये जाने से आवागमन भी बाधित हो रहा है। साथ ही बाजार समाप्त होने के बाद व्यवसायियों के द्वारा कचरे भी जय स्तम्भ के समीप फेंक दिये जाते हैं। इससे भी जय स्तम्भ की सुंदरता को ग्रहण लग रहा है।

**खास बात**


- सौंदर्यीकरण का कर रहा इंतजार



जय स्तम्भ चौक के चारों ओर लगा बाजार।

**पालिका नहीं ले रहा गंभीरता से**

साप्ताहिक बाजार को अन्यंत्र ले जाने और ऐतिहासिक जय स्तम्भ की महत्ता को बरकरार रखने के लिए राजनीतिक दलों के अलावा सामाजिक संगठनों ने भी नगर पालिका को पत्र प्रेषित किए गए हैं और उसके बावजूद मुख्यमार्ग के किनारे जय स्तम्भ के चारों ओर लगने वाले बाजार को हटाने के संबंध में नगर पालिका द्वारा गंभीरता नहीं दिखाई जा रही है।

online Booking:-www.tripuryatra.com

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
03 जून, 22 जुलाई, 12 अगस्त, 09 सितंबर, 07 अक्टूबर, 11 नवम्बर 2025 (10 दिन)
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी, त्रिवेन्द्रम (पद्मनाभ स्वामी)
11 यात्रियो की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
Jai Mata Di
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411